# साइबर सुरक्षा को लेकर जयपुर में मंथन करेंगे युवा और विशेषज्ञ

## राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 17-18 जनवरी को साइबर हैकाथॉन 1.0 का आयोजन

- साइबर हैकाथॉन के दौरान साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ भविष्य की 12 चुनौतियों पर चर्चा कर हल निकालने का प्रयास करेंगे
- राजस्थान पुलिस अकादमी में मंगलवार शाम को आकर्षक 'ड्रोन शो'का आयोजन होगा

**जयपुर** (कासं)। साइबर सुरक्षा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने तथा युवा और प्रतिभाशाली साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को एक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 व 18 जनवरी को राजस्थान पुलिस साइबर हैकाथॉन 1.0 आयोजित की जा रही है। इससे पूर्व मंगलवार की शाम राजस्थान पुलिस अकादमी में आकर्षक ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी के प्रयास किये गए हैं।

डीजी साइबर क्राइम, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि आधारभूत सूचनाओं के डाटा को साइबर खतरों से बचाने के लिए एवं साइबर हमले में हुए जोखिम का मूल्यांकन, साइबर सुरक्षा स्थिति में सुधार, नीतियां, तकनीकी नवाचार और निरंतर सुधार बहुत जरूरी हैं।

डीजी मेहरडा ने बताया कि हैकाथॉन से पहले 16 जनवरी को शाम 5 बजे से शहर में पहली बार राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में ड्रोन प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे। इस प्रदर्शन के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न तकनीकों से युक्त ड्रोन का परिचय कराकर अपने तकनीकी कौशल का परिचय दिया जाएगा।



डी.जी. साइबर क्राइम रवि प्रकाश मेहरडा व ए.डी.जी. संजय अग्रवाल सोमवार को पत्रकारों से रूबरू हुए।

डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 17 एवं 18 जनवरी को होने वाले साइबर हैकाथॉन में विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों, उद्योगों, रिसर्च लैबों और स्टार्टअप्स के 1665 प्रतिभागियों द्वारा पंजीयन करवाया गया है। इनमें लगभग 300 टीमें भाग लेगी। यह टीमें 12 साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का समाधान निकालने के लिए 36 घंटे तक निरंतर काम करेंगी।

साइबर हैकाथॉन के दौरान साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा भविष्य की 12 चुनौतियों पर मंथन कर हल निकालने का प्रयास किया जाएगा। इन चुनौतियों में पुलिस का फीडबैक सिस्टम विकसित करना, उन्हें एआई-एआर का प्रशिक्षण, कैमरे में एआई का उपयोग कर स्वयं निर्णय लेने में सक्षम बनाना, एफआईआर का एआई व मशीन प्रोग्रामिंग से एकदम सही अधिनियम एवं धाराएं लगाना, फर्जी वेबसाइटस, आने वाले एड एवं कस्टमर केयर के नंबरों की पहचान करना, निजी स्वामित्व वाले कैमरों की जियो टैगिंग करने की प्रणाली विकसित करना, फाइनेनसियल फ्रॉड के डाटा का विश्लेषण करने के लिए सॉफ्टवेयर बनाना, डीप फेक तकनीक का सहारा लेकर अपराध करने वालों को ढूंढना, 1930 हेल्पलाइन को और अधिक विकसित करना, एंटी ड्रोन सिस्टम विकसित करना, डार्क वेब पर डाटा की मोनिटरिंग एवं क्रिप्टाकरेंसी के पैसे का अनुसंधान करना रखा गया है।

### 20 लाख का नकद इनाम दिया जाएगा

इस हैकाथॉन के अंतिम चरण में तीन सर्वश्रेष्ठ टीम को समाधान प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। हर एक टीम को इवेंट के अनुसार इनाम दिया जाएगा। इन टीमों के समाधानों का मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा। हैकाथॉन के विजेताओं को विभिन्न श्रेणियां में कुल 20 लाख रुपए के नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही सभी टीमों को राजस्थान पुलिस के साथ इंटर्नशिप प्रोग्राम में भी शामिल किया जाएगा।

डीजी डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि भविष्य की साइबर सुरक्षा के परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभरा है। इसका दुरुपयोग कर ऑटोमेटेड साइबर हमला, डीप फेक तकनीक के माध्यम से साइबर वर्ल्ड में व्यक्तिगत गरिमा पर हमला एवं उपकरणों को विभिन्न टूल्स की मदद से नियंत्रण में लेना आदि कार्य साइबर अपराधियों द्वारा किये जा रहे हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए साइबर जागरूकता व नवीनतम तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# सी.एम. पोर्टल पर भी गुमराह करने से नहीं चूक रहे जे.डी.ए. के अफसर

## भांकरोटा, नीमेडा व कूचावाली में खराब सड़कों को सही बताया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकारण के अधिकारी सीएम पोर्टल पर भी गलत जानकारी देकर गुमराह करने से नहीं चूक रहे हैं। जोन-12 स्थित अजमेर रोड पर भांकरोटा, नीमेडा और कूचावाली में सड़कों में गड्ढे पड़े हुए हैं। यहां तक कि स्थानीय लोगों की कई शिकायतों के बावजूद जब मुख्य सड़क के खड्ढों को ठीक नहीं किया तो उन्होंने थक-हारकर सी.एम. पोर्टल पर इसकी शिकायत कर दी। कई दिनों तक तो यह शिकायत लंबित रही, फिर अचानक जवाब आया कि सड़क ठीक कर दी गई है।

स्थानीय निवासी रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि भांकरोटा, मुकुंदपुरा रोड पर राधिका गार्डन, बांसुरी चौराहे पर बड़े-बड़े खड्डे हैं। यहां आए दिन वाहनों से दुर्घटनाएं हो रही है। रात को कई बार अंधेरे में खड्डे दिखाई नहीं देते,

- स्थानीय लोगों को खराब सड़कों की शिकायत का जवाब 'सही सड़क' होने का मिला तो वे भी हैरान हो गए



इससे रात को वाहन चालकों को संतुलन बिगड़ जाता है और वह दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। जेडीए में सुनवाई नहीं होने के बाद थक-हारकर हमने सीएम पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद भी कई दिनों तक यहीं स्थिति बनी रही। अचानक हमारे पास मैसेज आया कि सड़क ठीक कर दी गई है जबकि मौके पर खड्डे ही पड़े हुए थे। जेडीए के जोन 12 के इंजीनियर्स ने बिना खड्डे ठीक किए ही गलत जानकारी देकर शिकायत का निस्तारण करने की कोशिश की। हमने वापस इस शिकायत को खुलवा दिया है। इस खड्डों को भरने के लिए जेडीए प्रशासन ने पेचवर्क करने का ठेका दिया हुआ है लेकिन जेडीए के इंजीनियर्स और ठेकेदार यहां पेचवर्क नहीं भर रहे है। यह इलाका भी मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर में आता है। इसके बाद भी इंजीनियर्स अपनी कमियों को नहीं सुधार रहे है।

## नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्रों की जांच की मांग

**जयपुर** (कासं)। नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में बनाए गए अनुभव प्रमाण पत्र की पुन: जांच की मांग को लेकर बेरोजगार नर्सिंग कर्मी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सहित विधायकों के आवासों पर जाकर न्याय की गुहार कर रहे हैं। राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि तत्कालीन सरकार और मीडिया के माध्यम से जांच में अनुभव प्रमाण पत्रों में फर्जीवाड़ा पाया गया है। इसके साथ ही वोट की राजनीति करते हुए कोविड में एक दिन कार्य करने वाले कार्मिक को भी 15 फीसदी बोनस अंक दिया गया। यह बेरोजगारों के साथ एक खिलवाड़ है। इसके साथ ही कोर्ट में भी कई मामले लंबित है जो भर्ती प्रक्रिया को लेकर चल रहे हैं।

गिरीश शर्मा ने सरकार से अपील की है कि अनुभव प्रमाण पत्र की जांच होनी चाहिए और सरकार द्वारा भर्ती को शुद्ध रूप से पूर्ण किया जाए जिसके कारण बेरोजगारों के साथ कोई अन्याय ना हो।

## सार-समाचार

### मांझे से घायल 70 पक्षियों का उपचार


हैल्प एंड सर्व चैरिटेबल ट्रस्ट व सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी के नि:शुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर में भाजपा नेता रवि नैय्यर भी पहुंचे।

**जयपुर** । हैल्प एंड सर्व चैरिटेबल ट्रस्ट और सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी की ओर से आयोजित नि:शुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम में गोविंददेवजी मंदिर के महंत मानस गोस्वामी, आदर्श नगर के भाजपा विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर, गीता गायत्री मंदिर के महंत राजकुमार चतुर्वेदी, कैलाश मित्तल, मातादीन सोनी, सी.एस. शर्मा डीन अपोलो कॉलेज, पार्षद संतोष कंवर, गलता गेट थाने के उप निरीक्षक अभिषेक उपस्थित रहे। पूर्व पार्षद एंव संस्था के संरक्षक अजय यादव व निर्देशक नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि तीन दिवसीय पक्षी चिकित्सा शिविर में मांजे से घायल 67 कबूतर, 1 तोता, 1 पोन्ड हेरोन और 1 चील का इलाज किया गया। शिविर के समापन समारोह में वेटरनरी चिकित्सकों एवं वॉलिंटियर्स को उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गोविंद नारायण जांगिड़, कौशल गुप्ता, नंदलाल शर्मा, किशन जांगिड़, माया तंवर, लखन साहू, हरजिंदर सिंह, अनिल जांगिड़, अनिल सैन, भंवर सिंह, लोकेश, गिर्राज, अंकित, हेमा थापा, कोमल रेखा, महेश शर्मा, बुद्धिप्रकाश व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### सृजन सृष्टि फाउंडेशन ने की जनसेवा



**जयपुर** । सृजन सृष्टि फाउंडेशन के 'नर सेवा-नारायण सेवा' अभियान के तहत संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने रविवार को सर्दी की ठिठुरती सुबह में शहर में कई स्थानों पर आमजन को चाय-बिस्कुट की सेवा की। यह सृजनसृष्टि संस्थान का 'नारायण सेवा' की ओर बढ़ते कदमों की पहली उडान है। निदेशक मंथन खत्री ने बताया कि जल्दी ऐसे कार्य संस्थान की तरफ से और भी किए जायेंगे।

### अखंड रामायण पाठ का पोस्टर जारी



**जयपुर** । शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास प्रांत जयपुर, श्री अग्रवाल शिक्षा समिति एवं अग्र युवा शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 21 जनवरी को आगरा रोड, सांगानेरी गेट, अग्रवाल कालेज परिसर के महाराजा अग्रसेन मन्दिर में प्रात: 10 बजे, 51 आसन पर 24 घंटे संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला ने किया। अग्र युवा शक्ति के अध्यक्ष रूपकिशोर गोयल और महामंत्री किशन अग्रवाल ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री से साहित्य पर बातचीत



**जयपुर** । मकर संक्रांति पर साहित्य व समाज के प्रति समर्पित संस्था माही संदेश के नवाचारों की जानकारी उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सरकार को साझा की गयी। माही संदेश के संस्थापक कवि रोहित कृष्ण नंदन व माही संदेश के सलाहकार विख्यात चित्रकार चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने डॉ. प्रेमचंद बैरवा से साहित्य और सामाजिक विषय पर चर्चा की। ग़ौरतलब है कि आगामी अप्रैल माह में माही संदेश की यात्रा 7वें वर्ष में प्रवेश कर रही है।


### श्रीराम के रंग में रंगा 'हैरिटेज फेस्ट'

**जयपुर** । आज पूरा भारत भगवान् राम के स्वागत की तैयारियां कर रहा है, हमारे देश का जनमानस भगवान् के दर्शन को उत्साहित है। जगतपुरा जयपुर का हरे कृष्ण मूवमेंट भी श्रीराम के स्वागत की तैयारियों में पूरे ज़ोर शोर से लग गया है। "हैरिटेज फेस्ट" के इस पोस्टर की लॉन्चिंग भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने की, उन्होंने इस फेस्ट की थीम की बहुत सराहना करते हुए स्कूल के बच्चों को ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## 76वां भारतीय सेना दिवस मनाया

**जयपुर** । सप्त शक्ति कमांड में 15 जनवरी को 76वां भारतीय सेना दिवस मनाया गया। जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने प्रेरणा स्थल, जयपुर पर वीर योद्धाओं को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सभी पदों को उनकी सेवा एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई दी और उन्हें 21वीं सदी की सशक्त सेना बन कर खरा उतरने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सेना की ओर से निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। जनरल के एम करियप्पा आजादी के बाद भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर- इन-चीफ बने, जब उन्होंने 15 जनवरी 1949 को अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर एफआरआर बुचर से भारतीय सेना का पदभार संभाला।

# सिटी पैलेस में 'पतंग महोत्सव' का आयोजन



**जयपुर**, (का.सं.)। राजधानी जयपुर के सिटी पैलेस में सभा निवास की छत पर आज पतंग महोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। उत्सव में बॉलीवुड के जाने-माने फैशन और सिलेब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी ने परिवार सहित सिटी पैलेस से शहर की मशहूर पतंगबाजी का आनंद उठाया। इसके साथ ही देशी विदेशी पर्यटकों और आगंतुकों ने भी पतंग उड़ाई और शहर की पंतगबाजी के इतिहास के बारे में जानकारी ली। उत्सव में पर्यटकों के लिए निशुल्क पतंग और डोर की व्यवस्था की गई थी।

वहीं एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने चंद्र महल के मुकुट महल से पतंग उड़ाई।

गौरतलब है कि महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष 'पतंग महोत्सव' का आयोजन किया जाता है, जिसमें सिटी पैलेस आने वाले सभी देशी व विदेशी पर्यटकों को पतंगबाजी का आनन्द उठाने का अवसर मिलता है। इसका उदेश्य गुलाबी शहर की पतंगबाजी की प्राचीन परम्परा और संस्कृति को बनाये रखने और शहर में आने वाले पर्यटकों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराना है। उत्सव के दौरान राजस्थानी लोक गायक द्वारा पारंपरिक राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति दी गई।

पर्यटकों और आगंतुकों ने पतंग उड़ाने के साथ-साथ पारंपरिक व्यंजनों जैसे दाल की पकौड़ी और तिल के लड्डुओं का भी लुत्फ उठाया। इस अवसर पर एमएसएमएस संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त और सिटी पैलेस, कला एवं संस्कृति विभाग, ओएसडी, रामू रामदेव उपस्थित रहे।

सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में एचएच. महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय के समय (1835-1880) की विभिन्न प्रकार की चरखियों के साथ तितली के आकार की एक बड़ी पतंग तुक्कल भी प्रदर्शित की गई।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक मरा

**जयपुर** । राजधानी के बजाज नगर इलाके में टोंक रोड पर रविवार शाम को तेज रफ्तार में कार ने वसुंधरा कॉलोनी चौराहा पर बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने बाइक के नंबर, मोबाइल और युवक के पास मिली आइडी से उसकी पहचान कालवाड़ के धर्मपुरा निवासी आदित्य मीणा (19) के रूप में की। आदित्य रविवार को जगतपुरा निवासी दोस्त के घर मकर संक्रांति मनाने आया था। यहां से शाम 6 बजे घर लौट रहा था। तभी टोंक रोड स्थित वसुंधरा कॉलोनी चौराहा पर कार चालक टक्कर मारकर भाग गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार को तलाश रही है। वहीं दूसरी दुर्घटना जवाहर नगर स्थित मामा की होटल के पास रविवार देर रात को हुई। यहां जवाहर नगर सेक्टर दो निवासी योगेश छतवानी एक्टिवा पर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार एसयूवी ने एक्टिवा को टक्कर मार दी और करीब 50 मीटर तक उसे घसीट ले गई।

हादसे में योगेश को गंभीर घायल होने पर निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एसयूवी की टक्कर से एक्टिवा के तीन टुकड़े हो गए। उसका पिछला टायर इंजन, चेचिस और हेडिंल अलग हो गए। हादसे के बाद चालक क्षतिग्रस्त हुई एसयूवी को छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्त कर लिया और स्कूटी को भी पुलिस कस्टडी में खड़ी करवाया। योगेश सीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। वह आदर्श नगर निवासी अपने दोस्त के घर से खुद के घर लौट रहा था, तभी हादसा हो गया।

## जे.डी.सी.ने सिविल लाइंस फाटक पर बन रही पुलिया का काम देखा

**जयपुर** (कासं)। जेडीए आयुक्त मंजू राजपाल ने सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर और सिविल लाइंस फाटक पर निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण किया। जेडीसी ने निदेशक अभियांत्रिकी देवेंद्र गुप्ता से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के बाहरी और आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही निदेशक अभियांत्रिकी अजय गर्ग से सिविल लाइंस फाटक आरओबी के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रोजेक्ट पूर्ण करने में आ रही समस्याओं को दूर करते हुए तय समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि जयपुर-दिल्ली एवं जयपुर-सवाई माधोपुर रेलवे लाइन पर स्थित समपार फाटक-222 सिविल लाइन्स पर चार लेन की पुलिया बनाई जा रही है, इस प्रोजेक्ट को जयपुर विकास प्राधिकरण कर रहा है। रेलवे समपार फाटक बन्द होने के कारण जैकब रोड़, जमनालाल बजाज मार्ग, परिवहन मार्ग एवं सवाई प्रताप मार्ग से आने वाला यातायात रेलवे समपार फाटक पर जाम हो जाता है, इस फाटक पर 13 लाख से अधिक टैफिक व्हिकल यूनिट है।

करीब 24 घंटे में 70 से अधिक रेलगाडियां यहां से गुजरती है, इस कारण दिनभर ट्रेफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। इस आर.ओ.बी के निर्माण से जैकब रोड, जमनालाल बजाज मार्ग, परिवहन मार्ग और सवाई प्रताप मार्ग से आने-जाने वाला यातायात सुगम होगा।

# विदेशी महिला को बाइक सवार युवक ने टक्कर मारी

**जयपुर** । जवाहर सर्किल इलाके में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक विदेशी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बियात्री (60) को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उन्हें आईसीयू में भर्ती किया। घटना के बाद बियात्री की बेटी की तरफ से जवाहर सर्किल थाने में युवकों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।

दुर्घटना पुलिस ने बताया कि 11 जनवरी को मैक्सीको से 8 लोगों का ग्रुप 10 दिन से लिए राजस्थान घूमने आया हुआ था। गत 13 जनवरी को यह ग्रुप जयपुर घूमकर एयरपोर्ट से उदयपुर के लिए जाने वाला था। रास्ते में जवाहर सर्किल के पास इस ग्रुप ने फोटो खिचाने की बात गाइड से की, गाइड इन्हें लेकर जवाहर सर्किल पर चला गया। फोटो शूट होने के बाद जब ग्रुप रोड क्रॉस कर रहा था। उसी समय एक बाइक पर तीन युवक अचानक आए। बाइक को लहराते हुए ग्रुप में बाइक घुसा दी। ग्रुप में बाइक घुसने से मैक्सिको से आई बियात्री सड़क पर सिर के बल गिर गई। इस पर गाइड और विदेशी पर्यटकों ने बाइक सवारों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे भाग छूटे। घायल महिला को लेकर पर्यटक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बताया कि महिला की हालत बहुत खराब है। उसके सिर में क्लॉट है, इसलिए आने वाले 24 घंटे उन्हें आईसीयू में रखा जाएगा। हालांकि अभी भी महिला अस्पताल में ही भर्ती हैं। दुर्घटना की जानकारी महिला की बेटी बीयाट्रीय जवेली (24) पुत्री रोबट्रो जवेली की ओर से विदेश मंत्रालय को कर दी गई हैं। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया हैं।

# प्रदेश को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए काम करें : दीया कुमारी

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को पर्यटन भवन में पर्यटन विभाग की कार्य योजनाओं तथा 100 दिवसीय कार्य योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राजस्थान को टूरिज्म में दुनिया का सिरमौर बनाने के लिए पर्यटन स्थलों के आसपास गुणवत्तापूर्ण और आधारभूत सुविधाओं का विकास करना होगा।

उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, निदेशक डॉ.रश्मि शर्मा तथा विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में राजस्थान के पर्यटन का समग्र विकास करने हेतु पर्यटन विभाग के साथ ही अन्य विभागों के संयुक्त प्रयासों से काम किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। दिया कुमारी ने कहा कि किसी भी पर्यटक स्थल पर यदि अधिक से अधिक पर्यटकों की आवाजाही सुनिश्चित करनी है तो उसके लिए एक समग्र कार्य योजना बनाकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर, पर्यटक स्थलों तक पहुंच के लिए बेहतर आवागमन की सुविधाएं विकसित करनी होगी। जिसमें रेल, सड़क और हवाई मार्ग सम्मिलित है। इसी प्रकार पर्यटक स्थलों के आसपास पर्यटकों के लिए आतिथ्य स्थल बेहतर होने चाहिए, आसपास का पूरा क्षेत्र आधुनिक सुविधाओं से युक्त होने चाहिए, शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय के साथ गुणवत्ता पूर्ण आधारभूत सुविधाओं का विकास करना होगा। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मेलों एवं उत्सवों के आयोजनों को ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए विभागीय स्तर पर एक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने जयपुर के जलमहल पर्यटक स्थल के साथ अन्य पर्यटक स्थलों पर बेहतर साफ-सफाई करने और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास करने के निर्देश भी दिये।


उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सोमवार को पर्यटन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की।

# मांझे से घायल हुए चील, बगुला, कौआ, तोता और जलकुआ जैसे दुर्लभ पक्षियों का उपचार

## पक्षी चिकित्सा शिविर में सैकड़ों पक्षियों की जिंदगी बचाई गई

**जयपुर** । शहर में पतंगबाजी के दौरान मांझे की धार से घायल हुए सैकड़ों पक्षियों का उपचार एनवायरमेंट एंड वाइल्ड लाइफ केयर सोसायटी ने किया है। शहर में 13 जनवरी से शुरू हुआ पक्षी चिकित्सा शिविर रविवार को संपन्न हो गया। इस दौरान चील, बगुला, कौआ, तोता व जलकुआ जैसे दुर्लभ पक्षियों का उपचार किया गया है। सांसद रामचंरण बोहरा, महापौर मुनेश गुर्जर, भाजपा नेता अशोक परनामी ने शिविर का अवलोकन कर घायल पक्षियों का उपचार किया। संस्था के अध्यक्ष आशीष मेहता और उपाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, संरक्षक साहिल सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यदर्शन कर्णावत ने बताया कि यह हमारा 14वां शिविर है। संस्था के हैल्पलाइन नंबर 8875310002 पर जहां कहीं से भी सूचना मिली, वहां से हमारे 40 सदस्यों ने घायल पक्षियों का रेस्क्यू कर शिविर में उनका उपचार किया। घायल पक्षियों का उपचार पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास शर्मा व उनकी टीम ने किया। संस्था ने 2 दिन में 80 से ज्यादा पक्षियों का उपचार किया।

वहीं दूसरी ओर हरिओम जन सेवा समिति, राजस्थान सर्व समाज सेवा समिति, राजस्थान जन्म मंच पक्षी चिकित्सालय, भगवती इंडस्ट्रीज व दाना शिवम हॉस्पिटल विद्याधर नगर की ओर से भी पक्षी चिकित्सा शिविर लगाया गया था, जिसमें 3 दिन में 289 घायल पक्षियों का नि:शुल्क उपचार किया गया। महापौर सौम्या गुर्जर,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी, राजस्थान पीएचडी चैंबर के सहअध्यक्ष सुमेर सिंह शेखावत, प्रदेश अग्रवाल महासभा अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने सभी चिकित्सा शिविरों का दौरा किया एवं पक्षियों की जान बचाने के पुनीत कार्य की सराहना की। समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, नरेंद्र सोमरा, पार्षद सुरेश जांगिड़, शिविर प्रभारी तुलसी सोनी, संगठन मंत्री अजयकांत हिंदू, विवेक गुप्ता, संजय बाफना, वीरेंद्र पारीक और सुरेश मेहता के साथ समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य शिविर में उपस्थित रहे । समिति के प्रदेश अध्यक्ष गोयल ने बताया कि कोई भी व्यक्ति कैंप में पतंग के मांझे से घायल पक्षी ला रहा है, उसे जीव दया सम्मान पत्र दिया जा रहा है।

